भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3038**

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

**रेल उपरि पुल का निर्माण**

3038. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात में वापी (चाला) से दमण और मोहनगाम-नववाली से दमण रेल उपरि पुल (आरओबी) परियोजना के लिए स्वीकृति और निर्माण कार्य शुरू होने की तिथि क्या है, साथ ही उनकी मूल स्वीकृति लागत, नियुक्त निर्माण एजेंसी और पूरा होने की नियत तिथि क्या है;

(ख) दोनों परियोजनाओं की वर्तमान भौतिक और वित्तीय प्रगति क्या है, साथ ही अब तक हुआ कुल व्यय कितना है;

(ग) भूमि अधिग्रहण, रेलवे की स्वीकृति, यूटिलिटी शिफटिंग, ठेकेदार के कार्यनिष्पादन या प्रशासनिक विलंब सहित सूची के अनुसार उक्त कार्यों के पूरा न होने के कारण क्या हैं और विलंब के लिए ज़िम्मेदार अधिकारियों/एजेंसियों के विरुद्ध की गई या की जाने वाली कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(घ) विलंब के कारण से लागत में हुई कुल बढ़ोतरी कितनी है, साथ ही संशोधित लागत कितनी है, अतिरिक्त वित्तीय बोझ कितना है और दोनों आरओबी को पूरा किए जाने और जनता के लिए खोले जाने की संशोधित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव से संबंधित है। मोहंगम-नववाली से दमण □□□ □□□□ □□□ (आरओबी) गुजरात राज्य में एनएच-848बी पर पड़ता है। इस आरओबी के निर्माण का कार्य सरकार द्वारा दिनांक 03.06.2020 को 112.17 करोड़ रुपये की अनुमानित कुल पूंजीगत लागत से स्वीकृत किया गया था। सिविल निर्माण कार्य मैसर्स रचना कंस्ट्रक्शन कंपनी, मेहसाणा को मूल निर्धारित पूर्णता तिथि 29.03.2023 के साथ सौंपा गया है। अब तक, 55% संचयी वास्तविक प्रगति हासिल की गई है और परियोजना पर 44.05 करोड़ रुपये का व्यय किया गया है।

आरओबी तक पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए अतिरिक्त भूमि के अधिग्रहण में देरी, रेलवे द्वारा गर्डर लॉन्चिंग योजना की मंजूरी और संविदाकार के साथ नकदी असंतुलन की समस्याओं के कारण उपरोक्त परियोजना में देरी हुई है। इन लंबित मुद्दों को पर्याप्त रूप से हल कर लिया गया है और संशोधित पूर्णता की लक्षित तिथि 31.03.2027 के साथ कार्य कार्यान्वयन के अधीन है। आज की तारीख में, आरओबी की स्वीकृत कुल पूंजीगत लागत में कोई संशोधन प्रत्याशित नहीं है।

जहां तक वापी (चाला) से दमण आरओबी का संबंध है, यह राज्यीय राजमार्ग (एसएच) -185 पर पड़ता है, जिसका विकास और रखरखाव गुजरात राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

*****